संख्या-5/2017/वे0आ0-2-190/दस-2016-124(सामान्य)/2010टी0सी0

प्रेषक

अजय अग्रवाल
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

सदस्य सचिव
वेतन समिति
वित्त विभाग
उ0प्र0लखनऊ।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 **लखनऊ:दिनांक: 28 फरवरी 2017**

विषयक- वित्तीय वर्ष 2016-17 के अंतर्गत अनुदान संख्या-65 में आयोजनेत्तर पक्ष में वेतन समिति हेतु अनुपूरक बजट के माध्यम से प्राविधानित धनराशि का आवंटन।

महोदय

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में कार्यालय वेतन समिति वित्त विभाग के लिए अनुपूरक बजट में प्राविधानित धनराशि रू0 20211000/- (रूपये दो करोड़ दो लाख ग्यारह हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित मदों में व्यय को वहन करने के लिए निम्न शर्तो के अधीन श्री राज्यपाल महोदय आपके निवर्तन पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान करते हैः-

क्र0 सं0	मानक मद	वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए प्राविधानित धनराशि (हजार रू0)	निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि (हजार रू0)
1-	01-वेतन	9514	9514
2-	03-महंगाई भत्ता	10697	10697
कुल योग 20211 20211 ((रूपये दो करोड़ दो लाख ग्यारह हजार मात्र)			

2- उक्त धनराशि का व्यय मदवार ही किया जायेगा। धन का आवंटन मात्र व्यय के लिए अधिकार प्रदान नही करता अपितु जहॉ कही आवश्यक हों व्यय के पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

3- उक्त धनराशि का व्यय शासन द्वारा शासकीय व्यय में मितव्ययता संबंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में जारी निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

4- प्रश्नगत धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-65-लेखाशीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-105 जॉच आयोग-03- राज्य आयोग और समितियां-0301--वेतन समिति का गठन की उपर्युक्त वर्णित सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नाम डाला जायेगा।

भवदीय
अजय अग्रवाल
सचिव।

संख्या-5/2017/वे0आ0-2-190(1)/दस-2016-124(सामान्य)/2010टी0सी0

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- मुख्य कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से
रमेश कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव।